Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide reservation to students belonging to SC, ST and OBC categories in Aligarh Muslim University.

श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़) : मेरे संसदीय क्षेत्र में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जो कि एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए प्रवेश में कोई आरक्षण लागू नहीं है। जबकि यह केन्द्रीय विश्वविद्यालय है। आरक्षण न होने के कारण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को वहां पर समुचित प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण वे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं।

जैसाकि विदित है कि देश के सभी विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को उच्चतर शिक्षा प्रदान करने हेतु आरक्षण का प्रावधान किया गया है। देश के अन्य विश्वविद्यालयों की तरह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भी आरक्षण लागू करने की तुरन्त आवश्यकता है।

मेरा माननीय केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के उत्थान हेतु अन्य केन्द्रीय विश्वविद्यालय की तर्ज पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भी आरक्षण लागू करने के तुरन्त आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें। जिससे इसी सत्र से इन जातियों व वर्गों के लोगों का प्रवेश सुनिश्चित कराया जा सके।